फ्लैट एग्जाम के अमन बने ईओ ग्लोबल स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड्स भोपाल चैप्टर के विनर

भोपाल। एंटरप्रेन्योर्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा ग्लोबल स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड्स (जीएसईए) का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत भोपाल चैप्टर द्वारा जीएसईए के 5वें राउंड का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्टूडेंट्स द्वारा अपने स्टार्टअप आईडियाज को जूरी मेंबर्स के सामने पिच किया गया। इसमें ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्लैट कम्पनी प्रा. लि. स्टार्टअप को सफलता मिली और फर्स्ट पोजीशन पाई। अमन कुमार द्वारा प्लैट एग्जाम प्रा. लि. की स्थापना की गई है। सेकंड पोजीशन एआई क्षेत्र में कार्य कर रहे अदनान अहमद के स्टार्टअप थोटिका को मिली। थर्ड पोजीशन एग्रीटेक के क्षेत्र में कार्यरत क्रान टेकएल2एम स्टार्टअप को मिली।

एम्स में ट्रांसजेंडर क्लीनिक का उद्घाटन

भोपाल। ट्रांसजेंडरों की अधूरी जरूरतों को पूरा करने के लिए एम्स भोपाल में आज ट्रांसजेंडर क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। देश के सभी एम्स में यह इस तरह का पहला क्लीनिक है। इस विशेष क्लीनिक में मनोचिकित्सा, यूरोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यह क्लीनिक हर महीने के पहले और तीसरे गुरुवार को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा । व्यापक नैदानिक देखभाल प्रदान करने के लिए सभी शामिल विभाग मिल जुल कर आवश्यकतानुसार कार्य करेंगे। क्लीनिक का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने कहा कि यह मनोचिकित्सा, एंडोक्रिनोलॉजी, यूरोलॉजी और बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी विभागों द्वारा एक अनूठी पहल है। यह क्लीनिक ट्रांसजेंडर आबादी और उनके परिवारों को उनकी देखभाल में शामिल संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष तरीके से व्यापक सेवाएं प्रदान करेगा।

हिन्दी एक ताकतवर संपर्क भाषा के रूप में लोकप्रिय हुई है: वर्मा

भोपाल। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा शैल कला भवन में आयोजित राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन द्वीप प्रवलित करके किया गया कार्यक्रम के प्रारम्भ मे मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का स्वागत पुष्प गुछ देकर करने के पश्चात राजभाषा अधिकारी सुधीर श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का परिचय दिया।

केंद्रीय कार्यालय के राजभाषा अधिकारियों ने अपना-अपना परिचय दिया तत्पश्चात मुख्य अतिथि मुकेश वर्मा, हिन्दी और राजभाषा कितने पास ,कितने दूर विषय पर संबोधित करते हुए कहा की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय,भारत में व्याप्त संस्कृतियों को ही नहीं सहेज रहा अपितु वैभवशाली भाषाओं के संवर्धन पर भी चितंनशील है। इसकी निरंतरता में राजभाषा हिंदी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के उत्तरोत्तर प्रगति पर परस्पर संवाद स्थापित करने के उदेश्य से राजभाषा सम्मेलन मे भाषा तथा विभिन्न पहलुओं पर आयोजित इस राजभाषा सम्मेलन मे भाषा तथा विभिन्न पहलुओं पर विचार करना चाहिए उन्होने आगे कहा की सभी भाषाएं बराबर हैं और कोई भी भाषा ना किसी से कम है और ना किसी से यादा। भारत में 22 भाषाओं को आधिकारिक दर्जा मिला हुआ है,ये सभी भाषा समर्थ भाषा होने के कारण हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा नहीं बनाया जा सका पर हिन्दी भाषा की सहजता ने हिन्दी को पूरे भारत देश के संपर्क भाषा के रूप मे स्थापित कर दिया है। उन्होने हिन्दी फिल्म,हिन्दी मे विज्ञापन,व्यापार वाद उपभोक्तावाद द्वारा हिन्दी के विकास मे योगदान के बारे मे बताया और कहा कि पूरे भारत देश मे बोले जाने वाली बोलियों के कारण ही हिन्दी एक ताकतवर भाषा बन कर संपर्क भाषा के रूप मे लोकप्रिय हुई है। विदेशी भाषा की जंजीर हम कब तक अपने गले बाधते रहेंगे हमें अपने बचों की नींव में भी साहित्य को डालना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने कहा कि भाषा को किसी बैसाखी की जरूरत नहीं होती जिसकी भाषा मजबूत है उसकी संस्कृति मजबूत। उन्होंने आगे कहा कि भाषा पर निरंतर संवाद स्थापित होते रहने चाहिये। इस अवसर पर संग्रहालय के राजभाषा पत्रिका-आयाम का विमोचन भी किया गया उद्घाटन सत्र के समापन पर धन्यवाद सीमा खितौलिया हिंदी अनुवादक के द्वारा ज्ञापित किया गया । प्रथम सत्र में राजेश जोशी द्वारा हिंदी कविता में आदिवासी विमर्श पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्रोताओं के आग्रह पर उन्होंने अपनी कविता का भी पाठन किया। तदुपरांत द्वितीय सत्र में मध्य प्रदेश साहित्य परिषद के निदेशक डॉ. विकास दवे ने राजभाषा का प्रयोग एक भावनात्मक पहलू पर विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि जिस प्रकार मां के स्नेह हेतु किसी नियम अधिनियम की जरूरत नहीं होती उसी प्रकार हम अपनी मातृभाषा में कार्य करने को नियमों न बाँध भावनात्मक रूप से उसमें जुड़े।

रामकाज में सभी का हित निहित है: भक्तिप्रभा

भोपाल। मानस भवन में मानस भवन के कीर्तिपुरुष पंडित रमाकांत दुबे स्मृति समारोह की पंच दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के प्रथम दिवस श्रीराम कथा में विषय 'रामकाज कीन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम।।' दोहे पर केन्द्रित दीदी भक्तिप्रभाजी ने कहा कि हमारे काम-काज को रामकाज की भावना से करना चाहिए। भगवान श्रीराम का षील, संयम, धैर्य, कृपा प्रकृति प्रेम तथा प्रजा के प्रति जो व्यवहार आचरण मानस में दिखाई देता है वह आज भी व्यक्ति स्तर से लेकर समाज और वैष्विक संदर्भ में अनुकरणीय है। श्री हनुमानजी इसी रामकाज को करने के लिये न कवल त्रेतायुग में बल्कि वर्तमान में भी हम सबके प्रेरणा स्त्रोत है इसलिए हमारे यहां हनुमानजी के मंदिर जगह-जगह स्थापित है। आपने कहा कि राम काज का व्यापक अर्थ है जिसमें संपूर्ण मानवता का हित निहित है। पर इसके लिए हमें श्रीराम के चरित्र को अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता है। रघुनंदन शर्मा कार्याध्यक्ष ने कहा कि रामकाज के लिए सतत् साधना की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि युवा पीढ़ी को सत्संग के माध्यम से सुषिक्षित करने की आवष्यकता है। श्रीराम की कथा पुण्य कथा है। इसमें न केवल मनुष्य, पषु-पक्षी, वानर, प्रकृति सबके प्रति उनकी करूणा कथा में दिखती है।

लोको पायलट स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता संगोष्ठी

भोपाल। लोकोपायलट्स रेलवे के मुख्य स्तंभ हैं, जोकि देश को जोड़ने वाली लाईफलाईन को चलाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। गुरुवार को डॉ. अजय डोगरा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक भोपाल के मार्गदर्शन में डॉ. पंकज माहेश्वरी वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी द्वारा एकीकृत लॉबी में स्वास्थ्य संबंधित संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लोको पायलटों को स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक किया एवं लोको पायलटों को तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के उपायों को बताते हुए स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान पर चर्चा की गई। लोको पायलटों को प्रसन्न और तनाव रहित रहने के लिये प्रेरित किया गया। ड्यूटी के दौरान आवश्यकता पड़ने पर कौन सी दवाईयां लेना है एवं प्रतिबंधित दवाईयों के संबंध में जानकारी दी गई।

शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी 3 से

भोपाल। मप्र जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 फरवरी, 2024 से गोंड समुदाय के चित्रकार श्री संतू तेकाम के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया जा रहा है। 46वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी मंगलवार से रविवार तक रहेगी।

आईआईए एमपी चैप्टर के स्वर्ण जयंती समारोह में आर्किटेक्ट कॉन्क्लेव

भोपाल। द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट का मध्य प्रदेश चैप्टर के 50वें वर्ष में प्रवेश का सेलिब्रेशन गुरुवार को आयोजित किया गया।

इस मौके पर मशहूर आकर्किटेक्ट डॉ बिमल पटेल ने आर्किटेक्चर के स्टूडेंट्स से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि कैसे उन्होंने काशी विश्वनाथ कोरिडोर का प्रपोजल बनाया और इम्प्लीमेंट किया गया। जो आज धार्मिक के साथ देश का सबसे बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक है। प्रेजेंटेशन मे उन्होंने आगे बताया कि कैसे एक प्लान बनाने के लिए 30 से 40 ड्राफ्ट तैयार करने होते है, तब जाकर एक फाइनल प्रोजेक्ट तैयार होता है। कार्यक्रम में आईआईए मप्र चैप्टर की चेयरपर्सन विभा श्रीवास्तव, भोपाल सेंटर के चेयरपर्सन अक्षय सेलुकर, आईआईए समिति के सदस्यों के साथ एसपीए और मैनिट के आर्किटेक्ट ब्रांच के स्टूडेंट्स ने भागिदारी दिखाई।

अपोलो में भर्ती 61 वर्षीय ब्रेन डेड मरीज के परिवार ने किए अंगदान

भोपाल। करुणा और उदारता के मार्मिक प्रदर्शन के साथ दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती 61वर्षीय मरीज के ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिजनों ने उनके अंग दान में दिए। परिजनों से अनुमति मिलने के बाद अस्पताल में विशेषज्ञों की टीम ने हृदय, लीवर और किडनी की पुनर्प्राप्ति कर उन्हें प्रत्यारोपण के लिए दूसरे अस्पतालों में भेजा जानकारी के अनुसार, उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रस्त 61वर्षीय मरीज को घातक स्ट्रोक के चलते दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया जहां बीते 30 जनवरी को उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया।

सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने जम्मू एंड कश्मीर में खोले दो नए सेंटर

भोपाल। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड कुलगाम और डोडा में किसानों से सीधे अखरोट, राजमा, सेब, ब्लैक मोरल्स (गुच्ची), काला जीरा और अन्य ऑथेंटिक हिमालयन डिलाइट्स की खरीद के लिए 2 और सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (एसएफएल) चौपाल (खरीद सुविधा केंद्र) की स्थापना करके अपने खरीद चैनल को और मज़बूत कर रहा है। इन नए स्थानों के साथ, अब सर्वेश्वर फूड जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 12 सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (एसएफएल) चौपाल संचालित कर रहा है, जिनमें से 7 जम्मू में और 5 कश्मीर में हैं। इन सभी एसएफएल चौपालों का प्रबंधन प्रशिक्षित स्थानीय किसानों द्वारा किया जा रहा है जो स्थानीय कृषि समुदाय को उनकी स्थानीय भाषा में जानकारी तक पहुंचने में मदद करते हैं। सर्वेश्वर फूड्स चौपाल-सर्वेश्वर फूड के खरीद सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है।

सूडोकु नवताल 6966

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -6965 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 6645



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 6644 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8032



बाएँ से दाएँ

1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

ऊपर से नीचे

1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -8031 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6463



ऊपर से नीचे:-

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, खीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, खीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6462

गु	रू		ख	मो	शी		आ	स	ग
रू		फ	न		बा	द	शा	ह	
दे	वी		दा	ग		स्त		र	न
व	र	दा	न		म	क	ड़ी		ती
	ता			फॉ	सी			ग	जा
आ		स	जा		ह्या	र	जी	त	
शि	का	र		आ		क्ष		औ	
क		ग	ब	न		क	ह	र	
	धू	म		बा	जी			दि	ल
पा	प		जी	न	त		डॉ	न	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6572

7	5		3	6		
	33		32		28	
2		7			6	1
	30	2	37	4	34	
5	1			7		4
	26		38		36	
	1	5	6			

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य है.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6571 का हल

5	7	3	1	4	6	2
6	31	1	25	5	33	1
3	1	5	4	2	6	7
4	27	2	28	1	37	6
2	3	7	1	6	5	4
7	36	6	37	3	35	3
1	6	4	3	7	2	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7573

शब्दजाल में 'उर्मिला मातोंडकर' अभिनीत दस फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

रं	रा	जें	द्र	कु	मा	य	च	ज	पे	यी
द	गी	ल	प्रे	व	जी	म	द	म	कां	रा
जु	स	ला	म	न	क	रा	ल	ल	त्का	म
दा	स	स	क	मा	सू	म	ध	त्रि	श	र
ई	आ	द्रो	ही	स	ज	ना	तू	दे	झ	प
न	ल	अ	र	दि	म	उ	ती	कौ	घ	दौ
क	व	रि	फ	जी	प	बा	ज	न	व	ड़
श	एं	वा	ई	ला	ब	ई	डू	ए	श	ब्हा
मी	ड	ल	फू	ल	तू	र	स	त्या	शी	आ
र	गॉ	ल	प	लि	जी	न	ला	कौ	ल	द
वि	ज	अ	ग्नि	खू	ब	सू	र	त	प	म

मासूम,चमत्कार,द्रोही,रंगीला,जुदाई, दौड़,अफलातून,कौन,खूबसूरत,सत्या

शब्दजाल - 7572 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore